# देश का पहला एंटी ड्रोन पेट्रोल व्हीकल हुआ लॉन्च

**इंद्रजाल का एडीपीवी चलते हुए भी ड्रोन का पता लगा सकता है**

**बच्चों, किसानों और भविष्य की रक्षा के लिए बने ढाल**




**हैदराबाद, 27 नवंबर. काउंटर-ड्रोन एवं एयर डिफेंस प्रौद्योगिकी कंपनी इंद्रजाल ड्रोन डिफेंस ने देश का पहला एंटी ड्रोन पेट्रोल व्हीकल लॉन्च किया जो सीमा पार से आने वाले ड्रोनों को मार गिराने में सक्षम होगा. यह पूरी तरह से मोबाइल एआई से लैस काउंटर ड्रोन सिस्टम है जो ड्रोन हमलों से बचाव के देश के तौर-तरीकों को बदलने की क्षमता रखता है.**


आज दुनिया में युद्ध के दौरान बढ़ते ड्रोन के इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है. सीमा पार से आतंकवादी संगठन भी ड्रोन का इस्तेमाल हथियारों और ड्रग्स की तस्करी के लिए करते हैं. कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मौजूदा समय में एंटी-ड्रोन उपकरण वाहनों पर अलग से लगाये जाते हैं जो तभी काम करते हैं जब वाहन अपनी जगह पर स्थिर हो. वहीं, इंद्रजाल का एडीपीवी चलते हुए भी ड्रोन का पता लगा सकता है, एआई की मदद से खतरे का आंकलन कर सकता है और तुरंत उसे मारकर गिरा सकता है.

**आंतरिक सुरक्षा मजबूत**

एडीपीवी की लॉन्चिंग के मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद लेफिटिनेंट जनरल देवेंद्र प्रताप पांडेय (से.नि.) ने कहा कि एकसुरक्षित राष्ट्र, जो अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क के साये से मुक्त हो, देश के युवाओं का अधिकार है. एंटी-ड्रोन पेट्रोल व्हीकल जैसी प्रौद्योगिकियां सिर्फ एक मशीन नहीं हैं, ये हमारे बच्चों, किसानों और भविष्य की रक्षा के लिए बने ढाल हैं.

इसका इस्तेमाल सीमा पर सड़कों, नहरों, खेतों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों और शहरी क्षेत्रों में भी किया जा सकता है.

## स्थिर हुआ रुपया



**मुंबई, 27 नवंबर.** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 89.2275 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ. भारतीय मुद्रा मंगलवार को 6.75 पैसे टूटकर कारोबार की समाप्ति पर 89.2275 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. रुपया आज 1.25 पैसे की गिरावट में 89.24 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में रहा. बीच कारोबार में यह ऊपर 89.18 रुपये और नीचे 89.28 रुपये प्रति डॉलर तक गया. अंत में गत दिवस के स्तर पर ही बंद हुआ. घरेलू शेयर बाजारों में रही एक प्रतिशत से अधिक की तेजी से रुपये को समर्थन मिला. वहीं, दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में रही तेजी ने रुपये पर दबाव बनाया.

# वेरका स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र


## वेरका घी, खीर, रबड़ी, दही और लस्सी को मिली जबरदस्त सराहना

**नई दिल्ली, 27 नवबंर. भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में वेरका द्वारा लगाया गया आकर्षक स्टॉल उपभोक्ताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. वेरका दिल्ली कार्यालय के प्रबंधन में लगाए गए इस स्टॉल पर कंपनी के प्रमुख डेयरी उत्पाद वेरका घी, वेरका खीर, वेरका रबड़ी, वेरका दही और वेरका लस्सी को आगंतुकों से अत्यधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है.**

स्टॉल पर पहुंचे आगंतुकों ने वेरका घी की शुद्धता और पारंपरिक स्वाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह भारतीय पारंपरिक व्यंजन-निर्माण की असली पहचान को बनाए रखता है. वहीं, तैयार-खाने योग्य वेरका खीर और रबड़ी अपनी गाढ़ी बनावट, शानदार स्वाद और उच्च गुणवत्ता के चलते लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं.




वेरका दिल्ली कार्यालय के इंचार्ज ने बताया कि, आईआईटीएफ जैसे बड़े मंच पर वेरका अपने प्रमुख उत्पादों की शुद्धता, स्वाद और गुणवत्ता को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचा रहा है. वेरका घी, खीर, रबड़ी, दही और लस्सी हमारे प्रमुख उत्पाद हैं, जिन्हें पूरे उत्तर भारत में अपार विश्वास प्राप्त है. मेले में मिल रही प्रतिक्रिया हमारे उत्पादन और सेवा गुणवत्ता के प्रति उपभोक्ताओं के भरोसे को और मजबूत करती है. आईआईटीएफ 2025 में वेरका की भागीदारी न केवल ब्रांड की छवि को मजबूत करती है, बल्कि उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान करती है.



# सेंसेक्स ने पहली बार 86,000 अंक को छुआ

**निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,300 अंक तक पहुंचने में कामयाब**

**ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 24 सितंबर 2024 को दर्ज किया गया था**

**मुंबई, 27 नवंबर. आईटी, निजी बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86,000 अंक तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक पहली बार 26,300 अंक तक पहुंचने में कामयाब रहा.**

बाजार की शुरुआत आज बढ़त के साथ हुई और बीच कारोबार में एक समय सेंसेक्स 446 अंक उछलकर 86,055.86 अंक पर पहुंच गया था. अंत में यह 110.87 अंक की बढ़त में 85,720.38 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 105 अंक चढ़कर 26,310.45 अंक पर पहुंच गया, अंत में यह 10.25 अंक यानी 0.04 प्रतिशत ऊपर 26,215.55 अंक पर बंद हुआ. दोनों प्रमुख सूचकांकों के लिए ये दूसरे सबसे ऊंचे बंद स्तर हैं. इनका ऐतिहासिक उच्चतम स्तर 24 सितंबर 2024 को दर्ज किया गया था. मझौली कंपनियों के सूचकांकों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों से सूचकांकों में जबरदस्त गिरावट देखी गयी. मीडिया, आईटी, वित्तीय कंपनियों और निजी बैंकों के समूहों से सूचकांक हरे निशान में रहे. ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों के सूचकांक लाल निशान में रहे.

सेंसेक्स की बढ़त में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, एलएंडटी और हिंदुस्तान यूनीलिवर का योगदान सबसे अधिक रहा. भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही.

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स का योगदान महत्वपूर्ण : दुबे

**नागपुर,27 नवम्बर. माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे 27 नवंबर 2025 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के नागपुर मुख्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने ई-वाहन फास्ट चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया तथा इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया. इसके बाद वेकोलि की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



बैठक की शुरुआत वेकोलि की नई वेबसाइट और चंद्रपुर क्षेत्र के अमृत फार्मेसी के शुभारंभ से हुई. समीक्षा में उन्होंने कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण, कल्याण एवं सीएसआर गतिविधियों की प्रगति जानी. इस दौरान सीएमडी जेपी द्विवेदी ने मौजूदा उत्पादन, नई पहलें तथा वर्षांत तक लक्ष्य प्राप्ति की तैयारी का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया.

अपने संबोधन में मंत्री दुबे ने कहा कि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वेकोलि का वार्षिक लक्ष्य पूरा करना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने देश को कोयला क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए वर्तमान खनन कार्य को मजबूत करने और नए प्रोजेक्ट शुरू करने पर जोर दिया तथा मंत्रालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया. समीक्षा के बाद उन्होंने सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र, इंदौरा में सार्वजनिक क्षेत्र के पहले हथियार प्रशिक्षण केंद्र शास्त्रर का उद्घाटन किया और सुरक्षा कर्मियों को दायित्वों के प्रति सतर्क व निपुण रहने की प्रेरणा दी.

# महंगाई और जीडीपी पर पहली प्री-रिलीज कार्यशाला

**मुंबई, 27 नवंबर. सकल घरेलू उत्पाद, उपभोक्त मूल्य सूचकांक और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार वर्ष में किये जाने वाले परिवर्तन को सार्वजनिक रूप से जारी किये जाने से पहले इस पर परामर्श के लिए पहली कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

वर्तमान में जीडीपी, सीपीआई और आईआईपी की वर्तमान श्रंखला 2011-12 के मूल्यों को आधार मान कर शुरू की गयी है. कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार नियमित रूप से जारी किये जाने वाले इन सूचकांकों के संशोधित आधार वर्ष पर आधारित नये आंकड़ों की श्रृंखला अगले वर्ष जारी की जानी है. इस कार्यशला का उद्येश्य उससे पहले प्रस्तावित संशोधनों के बारे में चुनिंदा हितधारकों को उसकी जानकारी देना था. इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय संगठनों, भारतीय रिजर्व बैंक, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ कई जाने-माने अर्थशास्त्रियों, वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों, शिक्षा क्षेत्र के लोग, सांख्यिकी विद् सहित लगभग 160 लोगों ने भाग लिया.

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन प्रो. एस. महेंद्र देव, रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर डॉ. पूनम गुप्ता, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सचिव डॉ. सौरभ गर्ग, और महानिदेशक ने एन. के. संतोषी ने संबोधित किया. संतोषी ने स्वागत भाषण में आधार वर्ष में संशोधन और तरीके में बदलाव और इन सूचकांकों में में इस्तेमाल होने वाले डेटा के बारे में जानकारी दी. डॉ. गर्ग ने अपने कहा कि देश में डेटा से संचालित नीति निर्माण के लिए मंत्रालय अच्छी गुणवत्ता के और सटीक डेटा देने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने कहा कि 'विकास के लिए डाटा' और विकसित भारत 2047 की सोच के साथ,मंत्रालय राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली को को मजबूत करने में लगा है.

# डीआरएम ने मेंटेनेस शेड का किया निरीक्षण



**अहमदाबाद, 27 नवबंर. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री वेदप्रकाश ने गांधीधाम स्थित अत्याधुनिक गवरमेंट डीजल लोको मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण किया.**

मिठीरौहर के निकट स्थित यह शेट डीजल लोको मेंटेनेंस शेड का निरीक्षण किया. मिठीरौहर के निकट स्थित यह शेड भारतीय रेल के सबसे महत्वपूर्ण मेंटेनेंस केंद्रों में से एक है, जहाँ उच्च क्षमता वाले 250 लोकोमोटिव का विश्वस्तरीय रखरखाव किया जाता है. निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री वेदप्रकाश ने शेड की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली, साफ-सुथरे वातावरण, उन्नत तकनीकी सुविधाओं तथा कर्मचारी-क्षमता की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया का एकमात्र ऐसा शेड है, जहाँ इतनी योजना, गुणवत्ता और दक्षता के साथ हाई हॉर्सपावर इंजनों का मेंटेनेंस किया जाता है. यहाँ न ऑयल लीकेज है और न ही किसी प्रकार की गंदगी यह वास्तव में भारतीय रेल के लिए दिशा-निर्देशक मॉडल है. क्षमता और अत्याधुनिक व्यवस्था इस शेड की क्षमता कुल 250 लोकोमोटिव (213 लोको - 4500-37 लोको-6000 के नियमित मेंटेनेंस की है. लोकोमोटिव यहां से निकलकर पूरे देश में 95,000 किमी तक बिना किसी प्रमुख समस्या के लगातार संचालित रहते हैं. 6 ट्रैक वाले इस शेड में नियमित रूप से 5 लाइनों का उपयोग होता है.

## हर हफ्ते अपडेट होगा आपका क्रेडिट स्कोर

**नई दिल्ली, 27 नवबंर.** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की ऋण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और ग्राहकों को अधिक सटीक क्रेडिट जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. अब बैंक, एनबीएफसी और अन्य ऋणदाता संस्थान ग्राहकों के क्रेडिट डेटा को महीने में एक बार या पखवाड़े में नहीं, बल्कि हर सप्ताह क्रेडिट सूचना कंपनियों को भेजेंगे.

# नुक्कड़ नाटक से आयकर विभाग ने लोगों को बनाया जागरूक

**नयी दिल्ली 27 नवंबर.आयकर विभाग ने यहां भारत मंडपम में नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी के माध्य से लोगों को ध्यान आकर्षित कर उनके मन में उठने वाले सवालों का समाधान करने का काम किया.**

प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में स्थापित आयकर विभाग के पवेलियन में गुरुवार को काफी भीड़ देखने को मिली. यहां पर कलाकार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे और उन्हें विभाग की ओर से शुरू की गयी विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दे रहे थे. साथ ही उन्हें आयकर भरने से होने वाले लाभों के बारे में बता रहे थे. आयकर विभाग के पवेलियन में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जहां पर विभाग के कर्मचारी नन्हें-नन्हें बच्चों को चित्रकला के माध्यम से जागरुक बनाने की कोशिश कर रहे. आयकर विभाग की ओर से बेहतरीन चित्र बनाकर विजेता बनने वाले बच्चों को पेंटिंग किट्स देकर पुरस्कृत भी किया जा रहा था. साथ ही पश्नोत्तरी के माध्यम से भी लोगों को आयकर विभाग के बारे में जानकारी दी जा रही थी.

**Land for Sale at Kaanha (M.P.)**

Clear title land for sale in Kaanha. Ideal for farmhouse and residential plotting. Contact **9074747174 / 9072311440** for further details.

**IRCLASS**
**SYSTEMS AND SOLUTIONS PRIVATE LIMITED**

**हम तृतीय-पक्ष निरीक्षण सेवाओं और परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) में अग्रणी हैं और तेल एवं गैस, भवन निर्माण एवं अवसंरचना, बिजली, नवीनीकरण योग्य ऊर्जा, प्रक्रिया, पारेषण एवं वितरण, बंदरगाह एवं सामग्री प्रबंधन, एयरोस्पेस और रक्षा सहित विभिन्न उद्योगों को अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं.**

हम अपनी विभिन्न परियोजनाओं और प्रभागों के लिए निम्नुसार निम्नलिखित कर्मियों की भर्ती करना चाहते हैं :

**भवन निर्माण एवं अवसंरचना**

| पद | शिक्षा/अनुभव | स्थान |
|---|---|---|
| ऑपरेशंस इंजीनियर - सिविल एनडीटी | बीई/बी.टेक सिविल - सिविल एनडीटी (स्ट्रक्चरल ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में न्यूनतम 5 वर्ष | भोपाल |
| सीएनडीटी तकनीशियन - सिविल एनडीटी | आईटीआई/12वीं पास - सिविल एनडीटी (ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में 3-5 वर्ष | |

**पात्रता :**
**एनडीटी भूमिकाएँ** : प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता के साथ सिविल एनडीटी (स्ट्रक्चरल ऑडिट, यूपीवी, रिबाउंड हैमर) में व्यावहारिक अनुभव

**कृपया अपना बायोडाटा careers@irclass.org पर भेजें**

**FORM NO.**
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.
**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993**

**RC/72/2025** **25.11.2025**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**AS ENGINEERING SERVICE**

To,
**(CD1) AS ENGINEERING SERVICE**
F 206 SAGAR HOMES PH 3 KOLAR ROAD BHOPAL
**(CD2) CHETNA SINGH**
T-5, VERONICA APARTMENT, DK-3. DANISH KUNNJ COLONY, VILLAGE-BANJARI, KOLAR ROAD, BHOPAL- 462042
Also At: B-31/1, SAINATH NAGAR, KOLAR ROAD, BHOPAL (MP)
**(CD3) ARVIND SINGH**
T-5, VERONICA APARTMENT, DK-3. DANISH KUNNJ COLONY, VILLAGE-BANJARI, KOLAR ROAD, BHOPAL- 462042
Also At: B-31/1, SAINATH NAGAR, KOLAR ROAD, BHOPAL (MP)

Whereas you the AS ENGINEERING SERVICE was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 15/04/2025 in **OA/529/2019** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs.19913947.64 (Rupees One Crore Ninety Nine Lakhs Thirteen Thousands Nine Hundred Forty Seven And Paise Sixty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 12 % w.e.f. 01/04/2019 till realization and costs of **Rs. 150000 (Rupees One Lakh Fifty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **23/01/2026 at 10.30 A.M**. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

**Office No. F-05 area 369.40 sq.ft., Office No. F-06 area 253.21 sq.ft., Office No. F-07 area 258.97 sq.ft., Office No. F-08 area 423.84 sq.ft., Office No. F-16 area 216.48 sq.ft, Office No. F-17 area 324.85 sq.ft., Office No. F-18 area 218.63 sq ft., Office No. F-19 area 339.33 sq ft, at First Floor, Babu Sahib Parisar Shopping complex, House No.-67, Ghoda Nakhhas Main Road, Ward 20, Bhopal (M.P.); property in the name of Shri Arvind Singh S/o Shri Sukhraj Singh.**

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 25/11/2025.

**Ms Priti Desai**
**Recovery Officer-I, Debts Recovery Tribunal**
**Govt. of India, Ministry of Finance**
**Jabalpur (M.P. & C.G. State)**

**म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.लिमि.**
**पंजीकृत कार्यालय: ब्लॉक नं.-1, तृतीय तल, पर्यावास भवन, भोपाल-462011, CIN-U15411MP1974 SGC 001268**
**Procurement Control Room No. - 0755-2677847**
**वेबसाइट : www.mpscsc.nic.in, ई-मेल : mpscsc@bsnl.in**
**क्रमांक/वितरण/869256/2025-26/531 भोपाल, दिनांक 27.11.2025**

**क्षतिग्रस्त स्कंध के विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्पोरेशन द्वारा म.प्र. के विभिन्न जिलों में भंडारित विभिन्न श्रेणी के क्षतिग्रस्त स्कंध जो ''जैसा है जहां है'' के आधार पर विक्रय हेतु भारतीय खाद्य निगम में पंजीकृत पात्र निविदाकारों से ऑनलाइन निविदायें ई-निविदा वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 20.12.2025 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज, नियम एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण **https://mptenders.gov.in** एवं **https://www.mpscsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 0120-4001002 पर संपर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123229/2025 **प्रबंध संचालक**

**IDBI BANK**
सीआईएन: L65190MH2004GOI148838

**सार्वजनिक सूचना**

**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड,पंजीकृत कार्यालय,आईडीबीआई टॉवर, डबल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई – 400005**

हम सूचित करना चाहते हैं कि दिनांक 31 मार्च 2025 तक बचत एवं चालू खातों में जिनमें शून्य शेष हैं और 2 वर्षों से अधिक समय से कोई ग्राहक प्रेरित लेनदेन नहीं किए गए हैं उन खातों को बैंक द्वारा निष्क्रिय खाते के रूप में वर्गीकृत किया गया है. ऐसे ग्राहकों को इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी है.

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से ऐसे सभी खाता धारकों से पुनः अनुरोध किया जाता है कि वे खाते को पुनः सक्रिय करने के उद्देश्य से अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) वैध दस्तावेजों के साथ इस सूचना के प्रकाशित होने के सात (7) दिनों के भीतर बैंक की नजदीकी शाखा से संपर्क करें.

यदि ग्राहक उक्त समय अवधि के भीतर खाते को पुनः सक्रिय करने में विफल होता है तो बैंक द्वारा आगे बिना किसी सूचना के खाता बंद कर दिया जाएगा. बैंक किसी भी खाते के बंद होने के कारण होने वाली किसी प्रकार की हानि, सेवाओं में बाधा आदि के अनुसरण में किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा.

**ह/-**
**दिनांक: २८/११/२०२५**
**स्थान: मुंबई**
**मुख्य महाप्रबंधक**
**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि सूचना क्र.-2, दिनांक 20.11.2025**

**निविदा क्रमांक: BP-PROJECT-EPC-2025-01**
**दिनांक: 25.10.2025**

**1.** आरएफपी खंड न. 2.2.2.4 (iii), 2.2.2.5 (ii) और ईपीसी समझौते खंड न. 3.16 के क्र. न. 14, 21 और खंड न. 3.2.1 को संशोधित किया गया है, जिन्हें एनआईटी संख्या- जेबीपी-प्रोजेक्ट-ईपीसी-2025-01 दिनांक 25.10.2025 के संलग्न दस्तावेज़ पृष्ठ पर अपलोड कर दिया गया है। **2.** बोलिदाताओं द्वारा 11.11.2025 को आयोजित प्री-बिड क्वेरी का उत्तर वर्तमान निविदा के साथ आईआरईपीएस पर अपलोड कर दिया गया है। शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।

**(हस्ता.)**
**Dy.CEE/P/JBP**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
**Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Division Narmadapuram**
**E-mail : dgmstmstcnarmadapuram@gmail.com**

**NOTICE INVITING E-TENDER**

E-Tenders are invited from eligible bidders **(A2 and Above Current Registration Certificate)** for carrying out the following works on semi turn key basis :-

| T.S. No. | Name of Work | Approx. Cost of Work (In Lakhs) | Last Bid Submission Date & Time | Online Opening of Bid |
|---|---|---|---|---|
| 48 Date 27.11.25 | Shifting of 11 KV Line & DTR for ROB Construction from between **Budhwada Phatak to Pawarkheda at Village Budhwada** under N,Puram (R) D/c under O&M Division Narmadapuram. | 8.92 | 27.11.2025, 18:30 Hrs. up to 08.12.2025, 15:00 Hrs. | 09.12.2025 after 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123243/2025 **DGM (STM & STC)**

**.कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया जिला छिन्दवाड़ा**

**Telephone: 07161.230508; E-mail: cmodongarparasiya@mpurban.gov.in**
**क्रमांक 1495/PWD/NPP/2025** **डोंगर परासिया, दिनांक 27-11-2025**

**// द्वितीय/चतुर्थ निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_445804_2 दि. 21-08-2025 | वार्ड क्र. 09 में हनुमान मंदिर के पास रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य (2nd Call) | 2 माह, 7,60,947/- | 2,000/- 7,700/- | 15-12-2025 |
| 2025_UAD-445811_2 दि. 21-08-2025 | वार्ड क्र. 18 वाटिका वस्त्रालय के पीछे सी.सी. रोड निर्माण कार्य (2nd Call) | 2 माह, 2,22,389/- | 2,000/- 2,300/- | 15-12-2025 |
| 2025_UAD-445812_2 दि. 21-08-2025 | वार्ड क्र. 09 में अर्चना गुप्ता के घर से निखरा कर्मचारी घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य (2nd Call) | 2 माह, 1,90,576/- | 1,000/- 3,900/- | 15-12-2025 |
| 2025_UAD-411765_4 दि. 21-08-2025 | वार्ड क्र. 11 में रंगमंच निर्माण कार्य (4th Call) | 2 माह, 1,56,561/- | 1,000/- 3,200/- | 15-12-2025 |
| 2025_UAD-449602_4 दि. 21-08-2025 | वार्ड क्र. 20 में प्रकाश सोनी के घर के पास रंगमंच निर्माण (4th Call) | 2 माह, 1,50,573/- | 1,000/- 3,100/- | 15-12-2025 |

**शर्त** - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका आधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया**